# समाचार वाणी

ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026


## आईपीएल 2025: दिल्ली कैपिटल्स ने राम चरण की फिल्म 'पेड्डी' के वायरल फर्स्ट शॉट को किया रीक्रिएट : अभिनेता ने दिल से धन्यवाद कहा और टीम को शुभकामनाएँ दीं!


Publisher



Published on 06 May 2025





**बॉलीवुड गपशप :** **दिल्ली कैपिटल्स** ने **पेड्डी** के शानदार अंदाज में वीडियो शेयर किया, **राम चरण** ने रीक्रिएशन के लिए दिल से धन्यवाद कहा और आज के मैच के लिए टीम को शुभकामनाएँ दीं

**राम चरण** की फिल्म पेड्डी को लेकर काफी क्रेज़ है! और इस समय आईपीएल का रोमांच दिन प्रतिदिन बढ़ रहा है, ऐसे में दिल्ली कैपिटल्स ने पेड्डी के जबरदस्त अंदाज़ में एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में टीम के **स्टार खिलाड़ी केएल राहुल, टी. नटराजन, फाफ डु प्लेसिस, समीर रिज़वी, अक्षर पटेल** और अन्य स्टेडियम में अपनी **बैटिंग** और **बॉलिंग** स्किल्स दिखाते नजर आ रहे हैं, जो फिल्म के दमदार विज़ुअल्स के साथ पूरी तरह से मेल खाते हैं। इस रीक्रिएशन में राम चरण के आइकॉनिक डायलॉग्स और उनकी एनर्जी को भी शानदार तरीके से शामिल किया गया है।

इस ग्लोबल स्टार ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर आज के **दिल्ली कैपिटल्स बनाम सनराइजर्स हैदराबाद** मैच को लेकर उत्साह ज़ाहिर किया। उन्होंने लिखा,
"Thank you ⍰⍰ @DelhiCapitals for the Massive Recreation of #PeddiFirstShot ⍰⍰⍰⍰ Wishing you all the best for today's match ⍰ Just be prepared, @SunRisers might come back stronger. ⍰⍰⍰"

**पेड्डी** की पहली झलक को न केवल इसके देसी और ज़मीनी अंदाज़ के लिए सराहा गया है, बल्कि राम चरण के जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन के लिए भी खूब तारीफ मिल रही है। सुपरस्टार की छवि से हटकर, उन्होंने एक ज़मीन से जुड़ा किरदार निभाया है—चेहरे पर ज़ख्म, बिखरे बाल, अनकटा दाढ़ी-मूंछ, भारी शरीर और अलग-सी नथ—जो उन्हें पूरी तरह से नया लुक देता है। यही नहीं, पहली बार राम चरण आंध्रप्रदेश के उत्तरांध्र क्षेत्र की विजयनगरम बोली में डायलॉग्स बोलते नजर आएंगे, जिससे फिल्म को लेकर दर्शकों का उत्साह और भी बढ़ गया है।

बुची बाबू सना के निर्देशन में बनी पेड्डी में राम चरण के साथ जान्हवी कपूर भी नजर आएंगी। इसे वृद्धि सिनेमा के वेंकट सत्यश किलारु द्वारा प्रोड्यूस किया गया है, जबकि प्रस्तुतकर्ता हैं **मैत्री मूवी मेकर्स** और **सुकुमार राइटिंग्स**। फिल्म **27 मार्च 2026** को रिलीज़ होने वाली है।

https://samacharwani.com/wp-content/uploads/2025/05/Peddy-movie-trailer.mp4

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.